**Sixteenth Loksabha**

pan>

Title: Need to permit the farmers in Delhi to fix tubewells in their fields for irrigation purpose.

**श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका बहुत धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे दिल्ली के किसानों का विषय शून्य काल में उठाने का मौका दिया।

दिल्ली में वाटर लैवल बहुत नीचे चला गया है। दिल्ली सरकार दिल्ली के तालाबों का रिवाइवल नहीं कर रही है। दिल्ली में लगभग 100 गांव ऐसे हैं, जिनकी अपनी जमीनें बची हुई हैं, यहां ट्यूब वैल लगे हुए हैं। वाटर लैवल नीचे जाने से ग्राउंड वाटर अथॉरिटी ट्यूब वैल लगाने की परमिशन नहीं दे रही है। मेरा निवेदन है कि ये तालाब रिवाइव होने चाहिए। मैं बार-बार दिल्ली के अर्बन और रूरल गांवों की बोर्ड मीटिंग में दिल्ली सरकार से निवेदन कर चुका हूं कि इन तालाबों को रिवाइव किया जाए, क्योंकि ग्राउंड वाटर लैवल नीचे चला गया है। 100 गांवों के लोग 15 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे हैं क्योंकि उनको अपनी जमीन पर फसल उगाने के लिए पानी चाहिए। लेकिन दिल्ली सरकार ट्यूब वैल लगाने की परमिशन नहीं दे रही है।

मेरा निवेदन है कि वाटर रिसोर्स मंत्री दिल्ली सरकार को आदेश दे ताकि किसान अपनी जमीन पर ट्यूब वैल लगाकर फसल उगा सकें। दिल्ली सरकार इसकी परमिशन दे और पानी की समस्या का निवारण करे।

आपने मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत धन्यवाद।

**माननीय उपाध्यक्ष:** श्री शरद त्रिपाठी और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री रमेश बिधूड़ी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।